तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि वनांचल भूमि

रायपुर, बुधवार 17 सितंबर 2025

बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर



## महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही सरकार : विभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की महिलाओं को लाभ देने वाली योजनाएं गिनाई
- संगठन के कार्यों को गति देने सशक्त भूमिका निभाएं

भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी सोमवार को दो दिवसीय बस्तर प्रवास पर पहुंची। जिला कार्यालय में महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने उनका जोशीला स्वागत किया। उन्होंने महिला मोर्चा जिला कार्यकारिणी की बैठक में कहा कि भाजपा को मजबूत करने व संगठन के कार्यों को गति देने सशक्त भूमिका निभाएं।

प्रदेशाध्यक्ष अवस्थी ने कहा कि विगत 11 वर्ष से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार और प्रदेश में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का सुशासन है। प्रधानमंत्री द्वारा महिलाओं को सशक्त व आत्मनिर्भर बनाने अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं फलीभूत हो रही है। करोड़ों की संख्या में बैंकों में जन धन खाता मातृशक्ति के नाम से खोला गया है। प्रधानमंत्री उज्जवला गैस योजना महिलाओं को समर्पित है। मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ की महिलाओं के लिये महतारी वंदन योजना आरंभ की। जिसका आर्थिक लाभ प्रत्येक माह लाखों महिला बहनों को मिल रहा है। विभा अवस्थी ने कहा कि महिलाओं को मजबूत बनाने भाजपा की सरकारें दिनरात कार्य कर रही है। कार्यकर्ता कर्मठता व समर्पण भाव से संगठन की कार्य योजनाओं को विस्तार दें। शासन की योजनाओं से अधिक से अधिक मातृशक्तियां लाभान्वित हो इसके लिये सतत प्रयास करें। जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय ने महिला मोर्चा की कार्यकतार्ओं को जनता के मध्य जाकर निरंतर कार्य करने कहा। महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सुधा मिश्रा ने स्वागत भाषण दिया। संचालन ⏭ शेष पेज 15 पर

## खबर संक्षेप

### भगवान विश्वकर्मा मंदिर में पूजा- यज्ञ होगा आज

**जगदलपुर।** विश्वकर्मा समाज उत्थान समिति बस्तर संभाग की ओर से भगवान श्री विश्वकर्मा मंदिर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 17 सितंबर को भगवान श्री विश्वकर्मा के शहर के गंगामुंडा तालाब किनारे स्थित मंदिर में आयोजन किया जाएगा।
विश्वकर्मा पूजन एवं यज्ञ बुधवार की सुबह 11.15 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक, अटूट भंडारा दोपहर 3 बजे से, मंडली द्वारा भजन कीर्तन शाम 7 बजे किया जाएगा।

### भूमिगत विद्युत लाइन के लिए दो घंटे बंद रही बिजली

**जगदलपुर।** विद्युत कंपनी परियोजना की ओर से बस्तर के विश्व प्रसिद्ध दशहरा पर्व में रथ परिक्रमा मार्ग पर व्यवधान नहीं होने के चलते 11 केवी विद्युत लाइन को भूमिगत किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि 7.16 करोड़ रुपए की लागत से भूमिगत विद्युत लाइन बिछाने का कार्य किया जा रहा है।
परियोजना के सहायक अभियंता नंदलाल कॉशी ने बताया कि भूमिगत विद्युत लाइन बिछाने के लिए कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है। इस कार्य के लिए मंगलवार को दो घंटे बिजली बंद रही, जिससे उपभोक्ता परेशान रहे और वहीं दूसरी विद्युत कर्मचारी भूमिगत विद्युत लाइन बिछाने जुटे रहे। इससे मंगलवार को सर्किट हाउस से चांदनी चौक, शिव मंदिर वार्ड, भैरमदेव वार्ड, सुभाष चंद्र बोष वार्ड, प्रतापगंज, मेन रोड, सर्किट हाउस, महावीर चौक, चांदनी चौक, एसबीआई चौक, ठाकुर रोड एवं आसपास के क्षेत्र में बिजली प्रभावित रही।

# फूलरथ के चक्कों में छेदकर हुई नारफोड़नी रस्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- रथ कारीगरों व लोहारों ने बकरे व मोंगरी मछली की बलि देकर देशी शराब का दिया तर्पण

ऐतिहासिक बस्तर दशहरा पर्व में रथ निर्माण का कार्य दिन रात कारीगरों द्वारा किया जा रहा है। मंगलवार को रथ के चक्कों के बीच एक्सल लगाने के लिए छेद करने नारफोड़नी रस्म की अदायगी की गई। इस दौरान लोहारों व रथ कारीगरों के मुखिया द्वारा नए रथ के चक्कों के मध्य छेद किया गया। इस दौरान पूजा अर्चना करते हुए काले बकरे, मोंगरी मछली व अण्डा की बलि देकर देशी शराब का तर्पण दिया गया। रस्म से पूर्व परम्परानुसार लोहार द्वारा लोहार लाड़ी में औजारों की पूजा अर्चना की गई तत्पश्चात रथ कारीगरों के मुखिया दलपति व अन्य की मौजूदगी में पूजा पाठ किया गया। नारफोड़नी रस्म से पूर्व रथ के एक चक्के को धोया गया और फूल, अगरबती, फूला लाई, अंडा अर्पित कर पूजा अर्चना की गई। उसके बाद पांच मोंगरी मछली, एक अण्डा तथा एक काले बकरे की बलि दी गई। पहियों के मध्य छेद करने लोहार द्वारा पारंपरिक औजारों का उपयोग किया गया। पहियों के मध्य छेद करने की प्रक्रिया को ही नार फोड़नी रस्म कहा जाता है। इसके उपरांत चक्कों के मध्य छेदकर इसमें एक्सल लगाया जाएगा। गौरतलब है कि प्रतिवर्ष भीतर रैनी व बाहररैनी रथ परिक्रमा से पूर्व फूलरथ परिक्रमा की जाती है। नारफोड़नी रस्म के दौरान रथ कारीगरों, लोहारों के अलावा दशहरा समिति सचिव राहुल गुप्ता, आरआई अशुंमाली वर्मा के अलावा राज्स्व विभाग के कर्मचारी मौजूद थे।




### 24 से फूलरथ की परिक्रमा

दशहरा समिति के सचिव व तहसीलदार राहुल गुप्ता ने बताया कि इस वर्ष चार चक्के के फूलरथ की परिक्रमा 24 सितम्बर से 29 सितम्बर तक की जाएगी। इसकी तैयारी की जारी है। झारउमरगांव व बेड़ाउमरगांव के दर्जनों कारीगर रियासतकालीन परम्मपरानुसार रथ निर्माण में लगे हुए है। निर्धारित तिथि तक रथ निर्माण पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि तिथि में परिवर्तन होने से फूलरथ की परिक्रमा पांच दिन भी होती है। लेकिन इस वर्ष यह परिक्रमा छह दिन तक रथ परिक्रमा मार्ग मावली मंदिर परिसर से प्रारम्भ होकर गोलबाजार, जयस्तभं चौक होते हुए दंतेश्वरी मंदिर परिसर पहुंचेगी। परिक्रमा के दौरान रथ में मां दंतेश्वरी के छत्र को रथारूढ़ किया जाता है।

## धोती, कुर्ता, पगड़ी के साथ मासिक 5 हजार ग्राम पटेल को मिलना चाहिए

**जगदलपुर।** दशहरा पर्व में पूर्वजों के जमाने से पटेल को गांव का मुखिया माना जाता रहा है । परन्तु पंचायती राज के पश्चात पटेलों का मान सम्मान समाप्त होने लगा। जिसके कारण सभी पटेल व्यथित महसूस कर रहे हैं। मंगलवार को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष तथा विधायक किरण सिंह देव से अनेक पटेल ने मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई है कि ग्रामसभाओं में स्थाई रूप से पटेल को ही अध्यक्ष नियुक्त किया जाये।पटेलों को राजस्व विभाग से लगान वसूली के एवज में वार्षिक मानदेय मात्र 2 हजार दिया जा रहा है जो ⏭ शेष पेज 15 पर



### स्कूल, छात्रावासों में स्वच्छोत्सव थीम की शुरुआत होगी आज से

**जगदलपुर।** स्कूलों, छात्रावासों और शैक्षणिक संस्थानों में स्वच्छता अभियान की शुरुआत हो रही है। बस्तर जिले में 16 सितंबर से 30 सितंबर तक चलने वाले इस पखवाड़े के साथ ही 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा अभियान का आयोजन किया जाएगा। यह अभियान 2 अक्टूबर को स्वच्छ भारत दिवस पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि के रूप में समाप्त होगा। कलेक्टर हरिस एस ने बताया कि स्वच्छता ही सेवा अभियान का मुख्य थीम स्वच्छोत्सव है, जो पर्यावरण अनुकूल और शून्य कचरा उत्सव पर केंद्रित है।

## कांग्रेस नेत्री से देर रात अश्लील बातें, पहुंचीं थाने

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- कोतवाली पुलिस कर रही सीआरपीएफ जवानों से पूछताछ

कांग्रेस नेत्री ने देर रात कॉल कर अश्लील व आपतिजनक बात करने वालों के खिलाफ कोतवाली थाना में शिकायत दर्ज कराया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए कॉल करने वाले सीआरपीएफ जवानों से पूछताछ की कर रही है। कोतवाली थाना में मामले की शिकायत दर्ज कराने पहुंची महिला कांग्रेस की प्रदेश सचिव साइमा अशरफ। उन्होंने कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराने आवेदन दिया है।अनजान नंबर से रात दो बजे उन्हें काल आया जिसमें फोन करने वाला अश्लील और आपत्तिजनक भद्दी बातें करने लगा। सायमा अशरफ ने सीआरपीएफ के दो जवानों पर फोन पर अश्लीलता का आरोप लगाया है। सायमा ने सोमवार को कोतवाली में जाकर मामला दर्ज कराया है। उन्होंने ⏭ शेष पेज 15 पर

## हड़तालियों ने 10 मांगों को लेकर किया नाटक का मंचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संगठन की अनिश्चितकालीन हड़ताल मंगलवार को 30 वें दिन भी जारी रही। प्रदेश के लगभग 16500 कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर लगातार आंदोलन कर रहे हैं। कर्मचारियों ने अपनी बात सरकार तक पहुंचाने के लिए नाटक कार्यक्रम के माध्यम से कर्मचारियों ने सरकार के सामने अपनी पीड़ा और प्रमुख मांगों को कलात्मक ढंग से प्रस्तुत किया। इसमें नौकरी नहीं तो छोकरी नहीं का नाटक मंचित किया गया, जो विशेष रूप से ध्यान आकर्षित करने वाला था। इस अवसर पर संघ के बस्तर जिला अध्यक्ष श्रीमती शकुंतला जंघेल ने बताया कि कर्मचारी तब तक हड़ताल जारी रखेंगे, जब तक सरकार उनकी मांगों पर लिखित आश्वासन नहीं देती। उन्होंने कहा कि ⏭ शेष पेज 15 पर



# जीवेत शरदः शतम्

# मान. किरण सिंह देव



देश के यशस्वी प्रधानमंत्री मान. नरेन्द्र मोदी जी
को उनके जन्मदिवस पर हार्दिक बधाई...

संपूर्ण छत्तीसगढ़ में भाजपा को मजबूती प्रदान करने वाले
लाखों कार्यकर्ताओं के प्रेरणास्त्रोत
छत्तीसगढ़ भाजपा के उर्जावान अध्यक्ष
सहज, सरल, मिलनसार, जनप्रिय नेता

## जगदलपुर विधायक
## माननीय किरण सिंह देव जी

को जन्मदिन की ढेर सारी बधाई
हार्दिक शुभकामनाएँ

## विकास की ओर अग्रसर जगदलपुर विधानसभा ..

- विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा रथ परिक्रमा मार्ग पर भूमिगत विद्युत केबल बिछाने हेतु राशि स्वीकृत
- ऐतिहासिक दलपत सागर के सौदर्यीकरण एवं उन्नयन कार्य हेतु राशि स्वीकृत
- बस्तर संभाग में बेहतर विद्युत व्यवस्था एवं उपकेन्द्रों की स्थापना के लिए राशि 286 करोड स्वीकृत
- बस्तर के स्वास्थ्य सुविधा में विस्तार हेतु महारानी अस्पताल में 8.92 करोड़ की लागत से कैंसर, डायलसिस एवं पैलेटिव केयर, एनआरसी वार्ड निर्माण
- बस्तर के युवाओं की उच्च शिक्षा के लिए नांलदा परिसर-सेंट्रल लाईब्रेरी सह अध्ययन शाला निर्माण
- नगरोत्थान योजना से जगदलपुर शहर में विभिन्न सड़क निर्माण हेतु 24 करोड रुपये, शहर में जलभराव से निजात दिलाने-03 करोड़ की राशि से 10 जगह पुलिया निमार्ण
- विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण इलाको में हमारी माता-बहनों के लिये चार महतारी सदन निमार्ण
- बस्तर के रंगकर्मियों के लिये धरमपुरा में निर्माणाधीन प्रेक्षागृह हेतु 9 करोड रुपये को अतिरिक्त राशि की स्वीकृति
- शहर के बहुप्रतिक्षित अग्रसेन चौक से पल्ली नाका तक, बोधघाट थाना से करकापाल जंक्शन एवं ज्योति नर्सरी तक सड़क निर्माण, कैलाश होटल से हनुमान मंदिर धरमपुरा तक सड़क
- जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र के नगरनार, दरभा एवं नानपुर मंडल में करोडो के विकास कार्यों का निर्माण कार्य जारी - ग्रामीण क्षेत्र में पुलिया, सड़क, नाली, शाला मरम्मत, पेयजल हेतू बोर खनन, टैंकर वितरण, विद्युत सुविधा एवं
- देव गुड़ियों का उन्नयन विकास कार्य सभी को पक्का मकान मिले, जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास का निर्माण
- परपा एवं आड़ावाल पुलिस आवासीय परिसर में सड़क निर्माण जगदलपुर विधानसभा के ग्रामीण क्षेत्रो में आंतरिक सड़कों में डामरीकरण नवीनीकरण विकास कार्य
- ग्रामीण क्षेत्रों में सुगम पेयजल हेतु क्रेडा विभाग से सोलर डोल पंप एवं सोलर हाईमास्क लाईट व पावर प्लांट की स्थापना कार्य
- पीएम सूर्य घर योजना बस्तर जिले में लागू, अब सौर्य ऊर्जा से भी रौशन होंगे आवास
- इन्वेस्टर कनेक्ट में बस्तर के उद्यमियों को आत्मनिर्भर बनकर स्वयं का उद्योग और व्यवसाय आरंभ करने की पहल






## विनीत- जगदलपुर विधानसभा के समस्त नागरिक

## खबर संक्षेप

### स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न पदों की भर्ती प्रक्रिया निरस्त

**कोण्डागांव।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, कोण्डागांव द्वारा मिली जानकारी के अनुसार, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एनएचएम के तहत विभिन्न रिक्त पदों पर जारी भर्ती प्रक्रिया को अपरिहार्य कारणों से निरस्त कर दिया गया है। यह भर्ती प्रक्रिया 17 मई को जारी की गई थी, जिसमें निम्नलिखित पदों के लिए आवेदन माँगे गए थे। आयाबाई, हाउसकीपिंग स्टाफ, अटेंडेंट स्टाफ नर्स, आयुष मेडिकल ऑफिसर न्यूट्रिशन काउंसलर, ब्लॉक अकाउंट मैनेजर प्राइमरी अकाउंट कम डाटा असिस्टेंट, जूनियर सेक्रेटेरियल असिस्टेंट फिजियोथेरेपिस्ट, एमपीएचडब्ल्यू, फील्ड इन्वेस्टिगेटर। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय, कोण्डागांव के सूचना पटल का अवलोकन कर सकते हैं।

### जीपीएफ अंतिम भुगतान के लिए शिविर का आयोजन आज

**कोण्डागांव।** कर्मचारियों के सामान्य भविष्य निधि जीपीएफ से संबंधित लंबित मामलों के जल्द निपटारे के लिए एक विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर प्रधान महालेखाकार लेखा एवं हक. छत्तीसगढ़ रायपुर के कार्यालय द्वारा आयोजित किया जा रहा है। यह शिविर 17 सितंबर को सुबह 10 बजे से कलेक्टोरेट सभागार प्रथम तल में लगेगा। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य जीपीएफ से जुड़े विभिन्न लंबित मामलों, जैसे कि जीपीएफ में ऋणात्मक शेष, अपूर्ण क्रेडिटध्डेबिट पोस्टिंग, पूर्ण या आंशिक लंबित भुगतान जीपीएफ के अंतिम भुगतान के लंबित प्रकरणों का तुरंत निपटारा करना है। जिला कोषालय अधिकारी ने बताया है कि संबंधित आहरण एवं संवितरण अधिकारी आवश्यक दस्तावेज़ों के साथ शिविर में उपस्थित होकर अपने लंबित प्रकरणों का जल्द से जल्द समाधान करा सकते हैं। इस पहल से कर्मचारियों को जीपीएफ से संबंधित मामलों में होने वाली परेशानियों से राहत मिलने की उम्मीद है।

### अंगीकार अभियान, नगरीय निकायों में गतिविधियां आज से

**कोण्डागांव।** अंगीकार अभियान–2025 के तहत जिला स्तरीय समिति का गठन मंगलवार को कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना की अध्यक्षता में किया गया। समिति में सभी नगरीय निकायों के मुख्य नगरपालिका अधिकारी सीएमओ सदस्य के रूप में शामिल रहेंगे। मुख्य नगरपालिका अधिकारी दिनेश डे ने जानकारी दी कि 17 सितंबर से 31 अक्टूबर तक इस अभियान के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। आवास मेला और पंजीकरण पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना 1.0 के लाभार्थियों को जोड़ने के लिए आवास मेला लगेगा। यहाँ आवास के लिए नए आवेदन भी लिए जाएँगे। प्रमाण पत्र वितरण भवन अनुज्ञा प्रमाण पत्र का वितरण किया जाएगा। नवीन स्वीकृत आवासों के लिए स्वीकृति और भवन अनुज्ञा पत्र दिए जाएँगे। नए पूर्ण हुए प्रधानमंत्री आवासों के लाभार्थियों को भवन पूर्णता प्रमाण पत्र भी वितरित किए जाएँगे। गृह प्रवेश कार्यक्रम नए पूर्ण हुए आवासों के लिए गृह प्रवेश कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। सभी वार्डों में जागरुकता शिविर और पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। लाभार्थियों के रुके हुए कायोंर् के लिए बैंकों से समन्वय करके टॉप–अप लोन की व्यवस्था की जाएगी। बैठक में कलेक्टर ने पीएम स्वनिधि के तहत प्राप्त आवेदनों का जल्द से जल्द निपटारा कर ऋण वितरण सुनिश्चित करने के लिए लीड बैंक मैनेजर को निर्देश दिए।

# वन मंत्री ने गोलावंड में किया 1.69 करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन

**शीतला माता मंदिर और सामुदायिक शेड निर्माण के लिए अतिरिक्त 25 लाख की घोषणा**

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

- महिला सशक्तिकरण और बुनियादी सुविधाओं के विस्तार पर जोर

वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप ने कोंडागांव जिले के ग्राम गोलावंड में आयोजित भूमिपूजन और लोकार्पण कार्यक्रम में लगभग 1 करोड़ 69.52 लाख रुपये के विभिन्न विकास कार्यों का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने ग्राम गोलावंड में शीतला माता मंदिर निर्माण के लिए 5 लाख रुपये और सामुदायिक कार्यों के लिए 20 लाख रुपये के शेड निर्माण की घोषणा की। यह पहल क्षेत्र के विकास और ग्रामीणों की सुविधा को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। वन मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर व्यक्ति तक पहुंचाना प्राथमिकता है। ग्रामीण क्षेत्रें में स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क और पुल–पुलिया जैसे बुनियादी ढांचे का विकास सरकार की मुख्य मंशा है। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा शुरू की गई ग्राम सड़क योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि पक्की सड़कों से गांवों में विकास की गति तेज होती है। इसके साथ ही, उन्होंने महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए महतारी वंदन योजना और लखपति दीदी जैसी योजनाओं के महत्व को रेखांकित किया, जो ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बना रही हैं।

#### 15 विकास कार्यों का हुआ शुभारंभ

कार्यक्रम में 15 विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया, जिनमें रंगमंच निर्माण, पुलिया निर्माण, सी.सी. सड़क, और स्कूलों में अहाता निर्माण जैसे कार्य शामिल हैं। इनमें खण्डाम, मयूरडोंगर, झारा, पोलंग, बोरगांव, गोलावंड, बेतबेड़ा, खचगांव, तोतर, नरिहा, और चमई जैसे ग्रामों में 3 लाख से लेकर 35.5 लाख रुपये तक की लागत के प्रोजेक्ट शामिल हैं। ये कार्य मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना और छत्तीसगढ़ राज्य कृषि विपणन बोर्ड के तहत किए जा रहे हैं, जो क्षेत्र के समग्र विकास में योगदान देंगे।




#### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रीता सोरी,जनपद अध्यक्ष श्रीमती अनीता कोर्राम, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती यशोदा कश्यप, जनपद उपाध्यक्ष टोमेंद्र ठाकुर, दीपेश अरोरा सहित स्थानीय जनप्रतिनिधिगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

**मांग : 581 संविदा कर्मचारी हड़ताल पर, कोंडागांव में स्वास्थ्य सेवाएं ठप**

# एनएचएम कर्मियों का बड़ा ऐलान, हक की लड़ाई में अब इच्छा मृत्यु का सहारा



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत कार्यरत छत्तीसगढ़ के संविदा स्वास्थ्य कर्मियों का आंदोलन अब निर्णायक मोड़ पर पहुंच चुका है। कोंडागांव जिले के 581 एनएचएम कर्मचारी, जो विगत एक माह से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं, अब इच्छा मृत्यु जैसे चरम कदम उठाने की तैयारी में हैं। 15 सितंबर से उन्होंने इच्छा मृत्यु हेतु हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत की है, जिसे जल्द ही राज्यपाल को सौंपा जाएगा।

- 10 सूत्रीय मांगों को लेकर राज्यपाल को सौंपेंगे हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन

संघ के पदाधिकारियों ने साफ कहा कि जब नियमितीकरण, वेतनमान और सम्मान की कोई सुनवाई नहीं हो रही, तो जिल्लत भरी जिंदगी छोड़ने की अनुमति देना ही अंतिम विकल्प है। आंदोलनकारियों का कहना है कि सरकार की वादाखिलाफी और लगातार अनदेखी के खिलाफ अब चुप रहना संभव नहीं।

#### ये हैं 10 सूत्रीय मांगें

*कर्मचारी लंबे समय से अपनी 10 सूत्रीय मांगों को लेकर हड़ताल पर डटे हैं, जिनमें प्रमुख हैं। सेवाओं का नियमितीकरण एवं स्थायीकरण, ग्रेड पे निर्धारण, पब्लिक हेल्थ कैडर की स्थापना, 27ः लंबित वेतनवृद्धि का लाभ, अनुकम्पा नियुक्ति, स्थानांतरण नीति लागू करना, सीआर पद्धति में पारदर्शिता, मेडिकल और अन्य अवकाश की सुविधा, 10 लाख का कैशलेस चिकित्सा सुविधा, नियमित भर्ती में संविदाकर्मियों के लिए आरक्षण।*

#### आंदोलन होगा और तेज

*संघ ने चेतावनी दी है कि आने वाले सप्ताह में सभी 33 जिलों के संविदाकर्मी भूख हड़ताल, अनशन और जेल भरो आंदोलन करेंगे। पदाधिकारियों ने कहा कि सरकार की वादाखिलाफी के खिलाफ संविदाकर्मी लगातार नए–नए कार्यक्रम करते रहेंगे और आंदोलन को और मजबूती देंगे। लंबे समय से चले आ रहे इस आंदोलन से स्वास्थ्य सेवाएँ बुरी तरह प्रभावित हो रही हैं। अब कर्मचारियों के इच्छा मृत्यु जैसे चरम कदम उठाने की घोषणा ने शासन–प्रशासन की चिंता और बढ़ा दी है।*

# एक माह में कार्य पूरा करें नहीं तो होंगे ब्लैकलिस्ट

**ठेकेदारों को नगर पालिका की अंतिम चेतावनी**



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

- निर्माण कार्यों की धीमी रफ्तार पर नगर परिषद सख्त
- बार–बार चेतावनी के बावजूद नहीं दिखा सुधार

नगर पालिका परिषद ने शहर में चल रहे निर्माण कार्यों की धीमी प्रगति और कई स्थानों पर रुके हुए कार्यों को लेकर कड़ा रुख अपनाया है। शनिवार को नगर पालिका सभाकक्ष में आ यो जि त विशेष बैठक में अध्यकि पटेल, उ पा ध्य क्ष जसकेतु उसेंडी और सीएमओ दिनेश डे ने ठेकेदारों को सख्त चेतावनी दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि आगामी एक माह में कार्य पूर्ण नहीं हुए तो संबंधित ठेकेदारों को ब्लैकलिस्ट कर भविष्य की निविदाओं से वंचित कर दिया जाएगा।

नगर पालिका अध्यक्ष और उपाध्यक्ष ने पहले भी दो बार ठेकेदारों के साथ बैठक कर कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए थे, लेकिन प्रगति में कोई खास सुधार नहीं हुआ। इस कारण पार्षदों में नाराजगी बनी हुई थी। इस स्थिति को देखते हुए विशेष बैठक बुलाई गई, जिसमें अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पार्षद, सीएमओ और इंजीनियरों की उपस्थिति में ठेकेदारों को अंतिम चेतावनी दी गई।

#### गुणवत्ता और समयबद्धता पर जोर

*बैठक में अध्यक्ष नरपति पटेल ने जोर देकर कहा कि सभी निर्माण कार्य समय पर और गुणवत्ता के साथ पूरे होने चाहिए। पार्षदों ने भी ठेकेदारों की लापरवाही पर नाराजगी जताते हुए समयबद्ध कार्य पूर्ण करने की मांग की। यह कदम शहर के विकास कार्यों को गति देने और जनता की सुविधा सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।*

# नारायणपुर आडिटोरियम में रक्तदान शिविर आज

**नारायणपुर।** मानवता की सेवा और समाजहित के उद्देश्य से 17 सितंबर को शहर के एजी सिनेमा आडिटोरियम में एक भव्य ब्लड डोनेशन शिविर का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का संयुक्त आयोजन सकल जैन समाज, रेड क्रॉस सोसायटी, भारतीय जनता युवा मोर्चा और जिला व्यापारी संघ द्वारा किया जा रहा है। रक्तदान जैसे महापुण्य कार्य को सफल बनाने और जिलेभर में सकारात्मक संदेश फैलाने के लिए सकल जैन समाज की महिलाओं ने विशेष पहल की है। उन्होंने जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों कलेक्टर और जिला पंचायत सीईओ को व्यक्तिगत रूप से



आमंत्रित कर रक्तदान में शामिल होने का आग्रह किया। आयोजकों का कहना है कि इस शिविर का उद्देश्य केवल रक्त एकत्रित करना ही नहीं है, बल्कि लोगों को रक्तदान के महत्व के प्रति जागरूक करना भी है। जरुरतमंद मरीजों के लिए समय पर रक्त उपलब्ध होना जीवन और मृत्यु के बीच का अंतर साबित हो सकता है। इसी सोच के साथ इस शिविर को जिले के युवाओं, महिलाओं, व्यापारियों और आम नागरिकों की भागीदारी से सफल बनाने का आह्वान किया गया है। आयोजक मंडल ने जिले के प्रत्येक नागरिक से अपील की है कि वे 17 सितंबर को एजी सिनेमा आडिटोरियम पहुंचकर रक्तदान कर समाजसेवा में अपना योगदान दें।

## पेज 13 के शेष

### महिलाओं को सशक्त...

लक्ष्मी कश्यप व आभार कुसुम परिहार ने माना।

**ये रहे उपस्थित-** बैठक में प्रकाश झा, अविनाश श्रीवास्तव, जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप , सफीरा साहू, गोदावरी साहू, ललिता बघेल,संगीता शर्मा, हेमलता शर्मा ,टिकेश्वरी सिन्हा, रंजीता रंधवा, रजनी बिंद, एम लक्ष्मी रोशन सिसोदिया,ममता राणा, रामकुमारी यादव , माहेश्वरी ठाकुर,अन्नपूर्णा नायडू,बिजली वैध,किरण सेन, गीता मिश्रा ,किरण दीवान, चमेली जिराम, डाकेश्वरी पांडे, गीता नाग, नीलेश्वरी भगवतकर,रामबती भंडारी, यादव, कौशल्या साहू, रायमती बघेल, धनमती प्रजापति,लक्ष्मी घरत,भारती, सविता साहनी,विनीता ठाकुर, भाग्यवती सेठिया, गोमती सेठिया, झरना मोहंती, बालमती नागेश, परिणीता बघेल, खुशी सिंह आदि मौजूद रहे।

### धोती, कुर्ता, पगड़ी...

अपर्याप्त है। पटेलों ने मांग की है कि प्रति माह 5000 मानदेय दिया जाये।बस्तर दशहरा समिति में सभी पटेलों का नाम शामिल कर धोती, कुर्ता, पगड़ी प्रदाय किया जाये। ग्राम में पटवारी एवं अन्य कोई सरकारी अधिकारी आते हैं तो सूचना ग्राम के पटेलों को भी दिया जाये तभी नामांतरण, बंटवारा, फौती का कार्य किया जाये क्योंकि ग्राम में पटेल ही विवाद को सुलझाता है। विधायक किरण देव ने इस सभी मांगो को जायज बताते पूरा करने का आश्वासन दिया। साथ ही कोटवार की तरह नाम लिखा हुआ बैज कुर्ता या कोट में लगाने के लिए बनवाने की बात कहीं। पटेल संघ ने बताया कि सूची में 64 पटेल का नाम है जो अपने ग्रामीण इलाकों में सरकारी काम में योगदान देते हैं।

### कांग्रेस नेत्री से...

आरोप लगाया है कि बीते तीन दिनों से सीआरपीएफ जवानों के द्वारा उनको फोन करके अश्लील शब्दों का उपयोग किया जा रहा था। लगातार आ रहे फोन कॉल्स से परेशान होकर उसने शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि रात करीब 1 से 2 बजे के बीच एक कॉल आई जहां फोन करने वाले खुद को उनका दोस्त बताते हुए बात करना शुरू की। जिसके बाद कॉल काट दी। उसके बाद फिर एक नंबर से फोन आया और उसने अश्लील बातें करनी शुरू की। जिसके बाद मामले की शिकायत कोतवाली थाना में दी गई। वहीं पुलिस ने जब दोनों को पकड़ा गया तो पता लगा कि दोनों युवक दोस्त होने के साथ ही सीआरपीएफ के जवान भी हैं। दोनों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। उन जवानों का कहना था कि यह नंबर बस स्टैंड के शौचालय में लिखा हुआ था बावजूद इन दोनों जवानों के अलावा अन्य किसी का भी कॉल नहीं आया है। बहरहाल पुलिस मामले की शिकायत दर्ज कर जांच कर रही है।

### हड़तालियों ने 10...

कर्मचारियों को उम्मीद है कि सरकार जल्द ही उनकी मांगों पर ध्यान देगी। बस्तर जिले के सभी 904 कर्मचारी इस कार्यक्रम में मौजूद थे। इस दौरान सभी ने अपनी एकजुटता का प्रदर्शन किया और यह स्पष्ट कर दिया कि वे अपनी मांगों को पूरा होने तक पीछे नहीं हटेंगे।

पं.क्र.-1323

ना तीर से ना तलवार से,
दुनिया बनी है विश्वकर्मा के औजार से।
We Five Founder of the world
मय, मनु, त्वष्ठा, शिल्पी, दैवग्य
श्री विश्वकर्मा जयंती
की हार्दिक शुभकामनाएं




भगवान श्री विश्वकर्मा जी की पूजा
-कार्यक्रम-
दिनांक : 17 सितम्बर 2025, बुधवार
विश्वकर्मा पूजन एवं यज्ञ प्रातः 11.15 बजे से अपरान्ह 3.00 बजे तक,
श्री विश्वकर्मा अटूट भण्डारा दोपहर 3.00 बजे से प्रभु की इच्छा तक
मंडली द्वारा भजन कीर्तन
संध्या 7.00 बजे से...
कार्यक्रम स्थान : भगवान श्री विश्वकर्मा मंदिर,
तालाब के पास, गंगा नगर वार्ड, जगदलपुर
आयोजक : विश्वकर्मा समाज उत्थान समिति बस्तर संभाग जगदलपुर
सौजन्य



अजय शर्मा — छग. विश्वकर्मा मय (बढ़ई) मनु (लोहार) कल्याण संघ
रंजीत शर्मा — छग. विश्वकर्मा मय (बढ़ई) मनु (लोहार) कल्याण संघ
देवानंद शर्मा — छग. विश्वकर्मा मय (बढ़ई) मनु (लोहार) कल्याण संघ
महेन्द्र विश्वकर्मा — छग. विश्वकर्मा मय (बढ़ई) मनु (लोहार) कल्याण संघ
सुनील विश्वकर्मा — विश्वकर्मा समाज उत्थान समिति, बस्तर संभाग
रवि शर्मा — विश्वकर्मा समाज उत्थान समिति, बस्तर संभाग
गुलाब विश्वकर्मा — विश्वकर्मा समाज उत्थान समिति, बस्तर संभाग
पुनीत शर्मा — विश्वकर्मा समाज उत्थान समिति, बस्तर संभाग

सभी श्रद्धालुओं से आग्रह है कार्यक्रम में सम्मलित होकर भगवान का आशीर्वाद प्राप्त कर प्रसाद ग्रहण करें।

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By Sri Sri Tattva Bengaluru
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपूर्ण ईलाज
पता: चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### स्वच्छता पखवाड़ा में दिलाया गया शपथ



**बस्तर।** शासकीय हाई स्कूल टाकरागुड़ विकासखंड बस्तर में छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार 16 सितंबर से 30 सितम्बर तक स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जाना है। जिसमें सर्वप्रथम पहला दिन संस्था में उपस्थित समस्त बच्चों को वरिष्ठ व्याख्याता द्वारा स्वच्छता शपथ दिलाई गयी। प्राचार्य अल्का बेंजामिन द्वारा स्वच्छता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रयोग किए गए प्लास्टिक का दुबारा कभी उपयोग नहीं करना चाहिए इससे हमारे स्वस्थ्य पर विपरित प्रभाव पड़ सकता है। इसलिए अपने घर के आसपास साफ सफाई रखना है। और अन्य लोगों को भी प्रेरित करना है जिसे हम हमारा परिवार समाज गांव स्वच्छ और स्वस्थ रहे। उन्होंने बच्चों को संकल्प दिलाते हुए कहा कि स्वच्छता को जन-जन तक पहुंचाने है सुन्दर और समृद्ध भारत बनाने में योगदान देना है। उक्त शपथ के दौरान वरिष्ठ व्याख्याता मीना भदोरिया, संध्या साव, भीमेश्वरी देवागन, गमेश सिंह, हेमंत चापडी, सबीना डहरिया,चैन सिंह ठाकुर उपस्थित थे।

### विद्यार्थियों को स्थायी जाति प्रमाण पत्र मिला



**दंतेवाड़ा।** दन्तेवाड़ा विकासखण्ड अन्तर्गत संकुल केंद्र ग्राम पोन्दुम में विगत दिवस कक्षा पहली से बारहवीं तक अध्ययनरत विद्यार्थियों को स्थायी जाति प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अरविंद कुंजाम, जिला पंचायत सदस्य कमला विनय नाग एवं जनपद पंचायत सदस्य मंगली सोढ़ी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को स्थायी जाति प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। गौरतलब है कि इस पहल से विद्यार्थियों को आगे की पढ़ाई, शैक्षणिक प्रक्रियाओं एवं शासकीय योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में सहूलियत होगी। इस मौके पर मुख्य अतिथियों ने बच्चों को संबोधित करते हुए शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की अपील की। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही जीवन में प्रगति और आत्मनिर्भरता का आधार है। विद्यार्थियों को अनुशासन और निरंतर मेहनत के साथ पढ़ाई पर ध्यान देना चाहिए।

# रेड कॉरिडोर से डेवलपमेंट कॉरिडोर की ओर बढ़ रहा बस्तर : तोखन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में कभी नक्सलवाद से प्रभावित क्षेत्र आज विकास की मुख्यधारा में जुड़ रहे हैं।

उन्होंने कहा कि 2014 से अब तक सरकार ने सुरक्षा, समावेशी विकास और पुनर्वास को केंद्र में रखकर जो पहल की है उसके परिणामस्वरूप नक्सलवाद अब अपने अंतिम चरण में है। पत्र सूचना कार्यालय, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा आयोजित वातार्लाप कार्यक्रम में साहू ने कहा कि सरकार का लक्ष्य मार्च 2026 तक पूर्णतः नक्सल-मुक्त भारत बनाना है। उन्होंने कहा संदेश साफ है कि हिंसा का कोई भविष्य नहीं है, भविष्य केवल विकास का है। कभी रेड कॉरिडोर कहे जाने वाले इलाके अब डेवलपमेंट कॉरिडोर बन रहे हैं। सड़कें, बिजली, शिक्षा और डिजिटल कनेक्टिविटी भय और पिछड़ेपन की जगह ले रही हैं। साहू ने बताया कि पुनर्वास एवं आत्मसमर्पण नीति 2025 के तहत आत्मसमर्पण करने वालों को प्रोत्साहन राशि, मासिक भत्ता, भोजन-आवास सुविधा, हथियार जमा करने पर नकद सहायता, तथा शिक्षा और रोजगार सहायता उपलब्ध कराई जा रही है।

सामूहिक आत्मसमर्पण करने पर दुगुने लाभ दिए जा रहे हैं। नक्सल-मुक्त घोषित पंचायतों को एक करोड़ रुपये का विशेष विकास पैकेज दिया जा रहा है, ताकि सड़क, बिजली, मोबाइल नेटवर्क और सोलर लाइटिंग जैसी सुविधाएँ तुरंत उपलब्ध कराई जा सकें। उन्होंने कहा कि नियाद नेल्लनार योजना के तहत बस्तर के 90 गांवों को आदर्श गांव के रूप में विकसित किया जा रहा है, जहाँ सड़क, पानी, स्कूल, स्वास्थ्य और डिजिटल पहुँच सुनिश्चित की जा रही है। यह केवल विकास की पहल नहीं, बल्कि आदिवासी युवाओं को शिक्षा और कौशल विकास के जरिये मुख्यधारा में शामिल करने का अभियान है। साहू ने कहा कि यह केवल एक तिथि तय करने का विषय नहीं, बल्कि हमारे जवानों की शहादत को श्रद्धांजलि देने और सुरक्षित-समावेशी भारत की गारंटी सुनिश्चित करने का मिशन है।

इस अवसर पर सांसद महेश कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वयं बस्तर क्षेत्र के विकास की निगरानी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सड़क और डिजिटल कनेक्टिविटी से कृषि उत्पादों को नए बाजार मिल रहे हैं, जिससे स्थानीय व्यापार और अर्थव्यवस्था को गति मिली है। कश्यप ने बस्तर ओलंपिक का उल्लेख करते हुए कहा कि यह आयोजन बस्तर की सांस्कृतिक और खेल प्रतिभा को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिला रहा है।

उन्होंने कहा बस्तर ओलंपिक ने युवाओं को हिंसा और नशे से दूर रखकर सकारात्मक जीवन की ओर प्रेरित किया है। हजारों युवाओं की भागीदारी ने साबित किया है कि बस्तर का भविष्य शिक्षा, खेल और कौशल विकास में है। उन्होंने यह भी जोड़ा कि इस आयोजन से पर्यटन और स्थानीय अर्थव्यवस्था को नई ऊर्जा मिली है।

# बस्तर की धरती अब विकास और समृद्धि की नई कहानियां लिख रही : साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा




केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू ने कहा कि बस्तर की धरती, जो कभी नक्सल हिंसा की पहचान थी, अब विकास और समृद्धि की नई कहानियां लिख रही है। गांव-गांव में पक्की सड़कें, स्वच्छता और शिक्षा की पहुंच बढ़ रही है, महिलाएं उज्ज्वला योजना से धुएं से मुक्ति पा रही हैं और हर गरीब परिवार तक पक्के मकान का सपना साकार हो रहा है। यही बदले हुए हालात अब नये भारत की तस्वीर गढ़ रहे हैं।

■ **बदलते बस्तर में विकास की बयार, नक्सलवाद के अंत की ओर भारत**

पत्र सूचना कार्यालय, रायपुर, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा सुकमा में नक्सल मुक्त भारत समृद्धि और एकता की राह विषय पर आयोजित वार्तालाप कार्यशाला में साहू ने कहा कि भारत सरकार का लक्ष्य मार्च 2026 तक देश को पूरी तरह नक्सलवाद से मुक्त करना है। उन्होंने कहा कि नक्सलवाद केवल कानून-व्यवस्था की चुनौती नहीं, बल्कि सामाजिक-आर्थिक पिछड़ेपन और विकास की कमी से जुड़ा हुआ विषय है। इसी दृष्टि से सरकार ने पुनर्वास और आत्मसमर्पण नीति लागू की है, जिसके तहत हिंसा का रास्ता छोड़ने वालों को आर्थिक सहायता, शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य और सामाजिक सुरक्षा से जोड़ा जा रहा है। साहू ने कहा कि यह केवल सुरक्षा का नहीं, बल्कि समग्र विकास का दूरदर्शी मॉडल है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश तेज़ गति से सतत और समग्र विकास की दिशा में बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना से हर गरीब को पक्का मकान, स्वच्छ भारत अभियान से हर गांव को साफ-सफाई और प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना से माताओं-बहनों को धुएं से मुक्ति मिल रही है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा लिया गया नक्सल मुक्त भारत का संकल्प केवल घोषणा नहीं, बल्कि ठोस रणनीति और निरंतर कार्रवाई का हिस्सा है। बस्तर सहित प्रभावित क्षेत्रों में अधिक से अधिक कैंप स्थापित किए जा रहे हैं ताकि सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाएँ सीधे ग्रामीणों तक पहुंचे। सांसद महेश कश्यप ने कहा कि नक्सलवाद ने लंबे समय तक क्षेत्र के विकास को बाधित किया, लेकिन अब हालात तेजी से बदल रहे हैं। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना ने दुर्गम गांवों को जोड़कर शिक्षा, स्वास्थ्य और बाज़ार तक पहुंच आसान बना दी है। उन्होंने कहा कि सुरक्षाबलों की कड़ी कार्रवाई से नक्सली संगठन बिखर रहे हैं और आने वाले समय में बस्तर भय और हिंसा की नहीं, बल्कि शांति, प्रगति और आत्मनिर्भरता की पहचान बनेगा। सरकार गांव-गांव तक बुनियादी सुविधाओं के साथ डिजिटल कनेक्टिविटी, कौशल विकास और आधुनिक कृषि तकनीक पहुंचाने पर काम कर रही है। हाल ही में शुरू धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान लगभग 80,000 करोड़ रुपये की लागत से 63,000 जनजातीय गांवों का समग्र विकास सुनिश्चित करेगा और पांच करोड़ से अधिक आदिवासी भाई-बहनों को सीधा लाभ पहुंचाएगा।

### पत्रकारों से संवाद और सुझावों पर आश्वासन

कार्यक्रम के दौरान मंत्री तोखन साहू ने उपस्थित पत्रकारों से संवाद भी किया। उन्होंने कहा कि पत्रकार समाज की आवाज़ और जनता की नब्ज़ समझने का माध्यम हैं, इसलिए उनके सवाल और सुझाव सरकार की नीतियों और योजनाओं को और अधिक प्रभावी बनाने में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि कार्यक्रम में उठाए गए मुद्दों और सुझावों को गंभीरता से केंद्र सरकार तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने पत्रकारों से आग्रह किया कि वे सरकार की विकास योजनाओं और सकारात्मक बदलावों की जानकारी आम जनता तक अधिक से अधिक पहुंचाएं, ताकि लोग उनका लाभ उठा सकें और नई पीढ़ी को हिंसा के रास्ते से दूर रखकर शिक्षा, विकास और आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर किया जा सके।

# विधायक ने किरंदुल पहुंच बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

दंतेवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के विधायक चैतराम अटामी ने किरंदुल नगर के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने नगर के विभिन्न स्थानों का निरीक्षण किया, विशेषकर मटन मार्केट क्षेत्र का जायजा लिया, जहां हाल ही में आई बाढ़ से जलभराव एवं गंदगी की स्थिति उत्पन्न हो गई थी।

विधायक चैतराम अटामी ने मौके पर उपस्थित होकर जल निकासी व्यवस्था का गहन निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे यथाशीघ्र एवं युद्धस्तर पर कार्यवाही सुनिश्चित करें, ताकि आम नागरिकों को राहत मिल सके। उन्होंने साफ-सफाई और जल निकासी संबंधी कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त न करने की बात भी कही। इसके उपरांत विधायक ने बाढ़ पीड़ितों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना और हर संभव मदद दिलाने का आश्वासन दिया। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि बाढ़ प्रभावित परिवारों की त्वरित सहायता की जाए और उनकी मूलभूत आवश्यकताओं को शीघ्र पूरा किया जाए। विधायक ने कहा की आपदा की घड़ी में प्रशासन एवं जनप्रतिनिधि हर संभव सहयोग के लिए तत्पर हैं और आपके साथ है। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी, नगर पालिका अध्यक्ष रूबी शैलेन्द्र सिंह, भारतीय जनता पार्टी मंडल अध्यक्ष किरंदुल विजय सोढ़ी समेत भाजपा कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

# सेवा व स्वच्छता का भाव राष्ट्र निर्माण का मूल आधार: विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर से लेकर गांधी जयंती 2 अक्टूबर तक चलने वाले सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत विभिन्न जनसेवा व स्वच्छता गतिविधियों की रूपरेखा तैयार करने के उद्देश्य से दरभा ब्लॉक के ग्राम पंचायत कामानार में एक बैठक का आयोजन किया गया।

अध्यक्षता क्षेत्रीय विधायक विनायक गोयल ने की, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि, युवा साथी, स्वच्छता दूत एवं समाजसेवी शामिल हुए। बैठक में विधायक गोयल ने सेवा पखवाड़ा के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि सेवा, स्वच्छता और संकल्प ही नए भारत की पहचान है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे इस पखवाड़े को महज कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनभागीदारी और राष्ट्र निर्माण के अभियान के रूप में लें। उन्होंने बताया कि इस सेवा पखवाड़ा के दौरान स्वच्छता अभियान, रक्तदान शिविर, पौधारोपण, जनजागरूकता रैली, स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, जल संरक्षण जागरूकता, डिजिटल सेवा शिविर जैसी विविध गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी। इसके अलावा स्थानीय जरूरतों के अनुरूप ग्राम पंचायत स्तर पर विशेष कार्यक्रमों की भी योजना तैयार की जाएगी। बैठक में प्रत्येक दिन के कार्यक्रम का प्रारूप साझा किया गया और कार्यकर्ताओं को उनकी जिम्मेदारियाँ सौंपी गईं। इस बैठक में पूर्व विधायक लच्छुराम कश्यप, दरभा मण्डल प्रभारी योगेन्द्र पाण्डेय, सेवा पखवाड़ा प्रभारी लच्छिन यादव, जिला उपाध्यक्ष संतोष बघेल, पूर्व जिला पंचायत सदस्य रैतुराम बघेल, पूर्व मण्डल अध्यक्ष फुल सिंह सेठिया, जिला पंचायत सदस्य सम्पत्ति महादेव नाग, जनपद अध्यक्ष मानकदेई कश्यप, उपाध्यक्ष हरिप्रसाद कश्यप, जनपद सदस्य गांगरा राम नाग, सोमारी, दयमंती नाग, रामसाय मौर्य, भोला श्रीवास्तव, अनंत कश्यप, रामेश्वर नाग, दुर्गावती नाग, मयाराम नाग, सुरेश सिंह (मुन्नु) नारायण कुरानी, धर्मेंद्र सिंह ठाकुर, दलपत राय एवं मण्डल के सभी पदाधिकारी सरपंच, ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# 9 सूत्रीय मांगों को लेकर तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



छग कृषि स्नातक शासकीय कृषि अधिकारी संघ ने अपनी लंबित मांगों का ज्ञापन तहसीलदार गीदम के माध्यम से कृषि मंत्री को सौंपा। संघ की प्रमुख मांगों में ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों का वेतनमान संशोधन कर 4300 ग्रेड पे करने, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों एवं कृषि विकास अधिकारियों के कार्य क्षेत्र का पुन निर्धारण करने, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों का मासिक स्थायी भत्ता में वृद्धि कर 2500 रूपये करने, विभागीय कार्य संपादन हेतु ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों एवं कृषि विकास अधिकारियों को मॉबाईल, इंटरनेट, लैपटॉप, स्टेशनरी आदि हेतु संसाधन भत्ता प्रदान करने, विभागीय अमले की कमी के कारण अतिरिक्त प्रभार दिये जाने की स्थिति में सम्मानजनक अतिरिक्त क्षेत्र भत्ता देने, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी पदनाम को संशोधित कर मध्यप्रदेश शासन की तर्ज पर कृषि विस्तार अधिकारी करने, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों एवं कृषि विकास अधिकारियों की ड्यूटी गैर विभागीय कार्यों जैसे फसल गिरदावरी, डिजिटल कॉप सर्वे, सड़कों को मवेशी मुक्त करने हेतु दल, ग्राम पंचायत सचिव, ग्राम पंचायत नोडल अधिकारी, धान उपार्जन केन्द्र में प्रभारी अधिकारी ट्रस्टेड पर्सन, नोडल अधिकारी, नाका जाँच प्रभारी, निगरानी समिति, नियद नेल्लानार, स्कूलों, के प्रीक्षा केन्द्रों में पर्यवेक्षक /ऑबजर्वर कार्य, बस्तर पाण्डुम, किसान क्रेडिट कार्ड योजना आयुषमान कार्ड इत्यादि में ना लगाये जाने, आदान सामग्री का भण्डारण सेवा सहकारी समितियों में करने एवं अनुदान राशि के भुगतान हेतु डीबीटी प्रणाली लागू करने, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी से कृषि विकास अधिकारी के पद पर विगत कई वर्षों से लंबित पदोन्नति प्रक्रिया तत्काल प्रारम्भ करने की मांग है। संघ के ब्लॉक अध्यक्ष गीदम विकास जोशी ने कहा कि शासन हमारी 9 सूत्रीय लंबित भागों को शीघ्र पूरी करें अन्यथा संघ के सभी सदस्यों द्वारा बिना संसाधन भत्ता के ऑनलाइन कार्यों का निष्पादन नहीं किया जाएगा।

# व्यापारी कल्याण संघ के चुनाव में ओम सोनी पैनल की शानदार जीत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| किरंदुल

किरंदुल में पहली बार व्यापारी कल्याण संघ का चुनाव ऐतिहासिक रूप से संपन्न हुआ। इस चुनाव में दो पैनल, जेडी पैनल और ओम सोनी पैनल आमने-सामने थे। बता दें सोमवार दोपहर 3 बजे तक व्यापारियों ने मतदान किया। जिसके बाद शाम 4 बजे से मतगणना प्रारंभ हुई तथा रात 10 बजे परिणाम सामने आएं। जिसमें ओम सोनी पैनल को व्यापारियों का जबरदस्त समर्थन मिला, जिसके परिणाम स्वरूप उन्होंने एकतरफा जीत हासिल की, अध्यक्ष पद में जयदीप माखन ने 125 मत प्राप्त किया वही ओम सोनी ने 247 मत प्राप्त कर अपने निकटतम प्रतिद्वंदी जयदीप मक्खन से 122 वोटों से जीत हासिल की, सचिव पद पर राजेश वेपरल ने 137 मत प्राप्त वहीं राजकुमार प्रसाद ने 223 मत प्राप्त कर अपने निकटतम प्रतिबंध राजेश बेपरल को 86 मतों से हराया, उपाध्यक्ष पद पर संजय सोनी ने अपने निकटतम प्रतिबंध पंकज सिंह को 153 मटन के अंतर से हराया, महिला आरक्षण उपाध्यक्ष पद पर सुषमा साहू ने अपने निकटतम प्रतिबंधी ऊषा साहू को 116 मतों से पराजित किया, वही कोषाध्यक्ष पद पर विशाल जैन ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी विकास स्वामी को 130 मतों से पराजित किया, सहसचिव में शेखर दत्त ने अपने निकटतम प्रतिबंध आसिफ सिद्दीकी को 118 मतों से हराया, 100 सचिव में मोहित धवन ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी सुनील सोनकर को 136 मतों से पराजित किया पूरे पैनल में लगभग अच्छी लीड लेते हुए एक तरफ जीत हासिल की। इस जीत ने व्यापारियों के बीच उत्साह और हर्ष का माहौल पैदा कर दिया। बता दें कि किरंदुल के इतिहास में इससे पहले कभी इस तरह का चुनाव नहीं हुआ था। पहले अध्यक्ष और सचिव को मनोनीत किया जाता था, लेकिन इस बार व्यापारी कल्याण संघ ने किरंदुल के सभी व्यापारियों को आम सभा में बुलाकर चुनाव कराने का निर्णय लिया,जिसे सर्वसम्मति से स्वीकार किया गया। कुल 419 मतदाताओं में से 390 ने अपने मताधिकार का उपयोग किया, जिसने इस चुनाव को और भी ऐतिहासिक बना दिया। जीतने वाले सभी प्रत्याशियों ने व्यापारियों का आभार व्यक्त किया। अब सभी की निगाहें नवनिर्वाचित पदाधिकारियों पर टिकी हुई हैं कि क्या वे व्यापारियों के हित में कार्य करेंगे या पुरानी व्यवस्था की तरह ही सब कुछ चलेगा। व्यापारियों को नई टीम से बड़ी उम्मीदें हैं और यह समय ही बताएगा कि क्या ये उम्मीदें पूरी होंगी।

# एकलव्य आदर्श विद्यालय में हुआ हिंदी पखवाड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा



करपावंड स्थित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में हिंदी पखवाड़ा का शुभारंभ संस्था के प्राचार्य अमित कुमार पांडेय, उप प्राचार्य डॉक्टर उषा शुक्ला एवं शिक्षक कर्मचारियों मां सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष पुष्प अर्पित व दीप प्रज्वलित कर किया। सभी कक्षा के भाषा प्रमुख विद्यार्थियों के द्वारा मंचासीन अतिथियों का गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया गया। हिंदी पखवाड़ा के कार्यक्रम को संस्था के प्राचार्य अमित कुमार पांडे ने संबोधित करते हिंदी साहित्य के विकास यात्रा पर अत्यंत ही सार गर्भित उद्बोधन प्रस्तुत कर अपनी बातों को रखा। उप प्राचार्य ने पखवाड़ा के आयोजन पर अपनी प्रसन्नता जाहिर करते हुए प्रत्येक कार्यक्रम में बच्चों को बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की प्रतिबद्धता को दोहराया और बच्चों के साथ-साथ आयोजन समिति की सराहना कर अपनी शुभकामनाएं दी।

# नेटवर्क समस्या से नागरिक नाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपालपटनम



कभी भोपालपटनम नगर पंचायत में जियो नेटवर्क की सुविधा शुरू होते ही नगरवासियों के साथ-साथ नगर से 10 से 15 किलोमीटर दूर तक ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को भी सुचारू सेवा मिल रही थी। उस समय केवल एक ही टावर नगर में स्थापित था, बावजूद इसके नेटवर्क की गुणवत्ता संतोषजनक रही।

लेकिन आज स्थिति उलट हो गई है। नगर पंचायत के चारों ओर 4 से 10 किलोमीटर की दूरी पर कई नए टावर लगाए जाने के बाद भी नगर क्षेत्र के अधिकांश वार्डों में लोगों को नेटवर्क सुविधा सही ढंग से नहीं मिल पा रही है। नगर के 15 वार्डों में से केवल 2 से 3 वार्डों तक ही नेटवर्क की सुविधा बेहतर बताई जा रही है, शेष वार्डों के लोग लगातार परेशानी झेल रहे हैं।

जनपद पंचायत कार्यालय, पुलिस थाना स्कूल पारा, गुट्टा पारा, आरईएस कॉलोनी, नयापारा, रालापल्ली, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, राजा पारा, मस्जिद पारा सहित कई मोहल्लों के नागरिकों का कहना है कि जियो नेटवर्क की सेवा बेहद कमजोर हो चुकी है। कॉल ड्रॉप, इंटरनेट की धीमी गति और कनेक्टिविटी न मिलने से लोग परेशान हैं।

स्थानीय निवासियों ने शासन-प्रशासन और जियो कंपनी से मांग की है कि जल्द से जल्द तकनीकी खामियों को दूर कर नगर के सभी वार्डों और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में पहले की तरह सुचारू नेटवर्क सुविधा उपलब्ध कराई जाए।

# बचेली पटेलपारा के आंगनबाड़ी केंद्र की हालत जर्जर







हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली

आंगनबाड़ी केंद्रों को सुसज्जित बनाकर बच्चों को विकास के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने सरकार की योजना कई जगहों पर साकार होती नहीं दिख रही है। बचेली के आश्रित ग्राम पटेलपारा के बड़े पारा में स्थित आंगनबाड़ी केंद्र का जर्जर भवन बच्चों के विकास की जगह उनके मन में भय पैदा कर रहा है। यहां बैठना बच्चों के लिए खतरे से खाली नहीं है, लेकिन वैकल्पिक व्यवस्था नहीं होने के कारण बच्चे इसी जर्जर भवन में बैठकर पढ़ाई करते हैं। सीता कर्मा बड़ेपारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और साथ ही सहायिका पदमा नाग कहती है, भवन काफी पुराना और जर्जर हो चुका है, दीवारों में दरारें पड़ गई है, छत का प्लास्टर आये दिन टूटकर गिर रहा है। भवन कब गिर जाए कुछ कहा नहीं जा सकता, शौचालय उपयोग लायक नहीं है। इसके बावजूद बच्चों की जान जोखिम में डालकर शिक्षण कार्य कराया जा रहा है। संचालन अवधि में अगर कोई दुर्घटना होती है, तो कई मासूम बच्चों की जान भी जोखिम में पड़ने की आशंका है।

इसके बावजूद विभाग द्वारा न तो आंगनबाड़ी केंद्र का रखरखाव किया जा रहा है, न ही आंगनबाड़ी केंद्र को अन्य सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित कर संचालित किया जा रहा है। ठेकेदार संजय मंडावी का कहना है नये आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण हो रहा है परंतु बहुत धीमी गति से।

बारिश से पहले शुरू होने वाले इस निर्माण कार्य में अभी तक कोई विशेष और त्वरित प्रगति नहीं हो पाई है। आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण में फंड की कमी आड़े आ रही है। ग्राम पंचायत के माध्यम से निर्माण कार्य किया जा रहा है। सरपंच गोविन्द कुंजाम ने कहा पंचायत के खाते में पैसा नहीं होने के कारण आंगनवाड़ी भवन बनने की गति धीमी हो रही है। चुंकि नगर पालिका से अलग होकर ग्राम पंचयात बने अभी कुछ ही माह हुआ है, हम शासन और सम्बंधित अधिकारियों को अवगत कराके फंड की डिमांड कर रहे हैं। अभी शासन द्वारा एक किश्त मिला है जिसे ठेकेदार को दें दिया गया है।

**न्यायालय तहसीलदार भानपुरी जिला बस्तर (छ.ग.)**

क्रमांक / / तह. / जन्म-मृत्यु / 2025
भानपुरी दिनांक, / /2025

**// उद्घोषणा//**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक गजेन्द्र कश्यप पिता उमाकांत कश्यप जाति भतरा निवास ग्राम सिवनी हिरलाभाटा तहसील भानपुरी के द्वारा अपने दादाजी ललित कश्यप पिता स्वर्गीय बोलोराम कश्यप का मृत्यु दिनांक 27.05.2023 को होना बताते हुए मृत्यु प्रमाण पत्र की मांग किया गया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से नियत तिथि 25.09.2025 तक आपत्ति पेश कर सकते है। म्याद पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 11.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा सहित जारी किया ।

मुहर

तहसीलदार
भानपुरी

**न्यायालय तहसीलदार भानपुरी जिला बस्तर (छ.ग.)**

क्रमांक / / तह. / जन्म-मृत्यु / 2025
भानपुरी दिनांक, / /2025

**// उद्घोषणा//**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सदाराम कश्यप पिता जयधर कश्यप जाति भतरा निवास ग्राम तुरपुरा तहसील भानपुरी के द्वारा अपने माताजी व्यास पति जयधर कश्यप का मृत्यु दिनांक 11.07.2013 को होना बताते हुए मृत्यु प्रमाण पत्र की मांग किया गया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से नियत तिथि 30.09.2025 तक आपत्ति पेश कर सकते है। म्याद पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा सहित जारी किया ।

मुहर

तहसीलदार
भानपुरी



जीवेत शरदः शतम्
देश के यशस्वी प्रधानमंत्री परम श्रद्धेय
माननीय नरेन्द्र मोदी जी
एवं
भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं लोकप्रिय विधायक जगदलपुर
माननीय किरण सिंह देव जी
को
जन्मदिन
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
विनीत- रजनीश पानीग्राही
(भाजपा जिला कोषाध्यक्ष बस्तर)




जन्मदिन
की
हार्दिक
शुभकामनाएं
देश के यशस्वी प्रधानमंत्री मान. श्री नरेन्द्र मोदी जी
छत्तीसगढ़ भाजपा के अध्यक्ष मान. श्री किरण सिंह देव जी
प्रदेश देवांगन समाज के अध्यक्ष मान. श्री प्रदीप देवांगन जी
आप सभी को जन्मदिन की ढेर सारी बधाई
एवं हार्दिक शुभकामनाएँ
राजेन्द्र देवांगन
जिलाध्यक्ष
दीपक देवांगन
सचिव
जितेन्द्र देवांगन
कोषाध्यक्ष
चन्द्रकांत देवांगन
उपाध्यक्ष
रविन्द्र देवांगन
उपाध्यक्ष
देवेन्द्र देवांगन
प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य
विनीत- देवांगन समाज, बस्तर जिला




देश के यशस्वी प्रधानमंत्री परम श्रध्देय
माननीय नरेन्द्र मोदी जी
एवं
भाजपा के ऊर्जावान प्रदेश अध्यक्ष एवं
लोकप्रिय विधायक जगदलपुर
माननीय किरण सिंह देव जी
को
जन्मदिन
की हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं
विनायक गोयल
विधायक
चित्रकोट विधानसभा

# नवरात्र में गरबा आयोजन में सनातन वेशभूषा और फूहड़ता न करने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन : विहिप

## नवरात्रि व दशहरा को लेकर विहिप एवं बजरंगदल ने बैठक में लिया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा लालबाग में बस्तर दशहरे एवं शारदीय नवरात्रि को लेकर महत्वपूर्ण बैठक सोमवार को किया गया। बैठक में माता की डोली का स्वागत करने, सनातन संस्कृति और विधि अनुसार पूजन करने, गरबा आयोजन में सनातन वेश-भूषा और फूहड़ता न करने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन और प्रशासन को ज्ञापन देने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा,नवरात्रि में पदयात्रा करने वाले श्रद्धालुओं के लिए सेवा कार्य करने और विजय दशमी में शस्त्र पूजन करने का भी निर्णय लिया गया।



**ये रहे मौजूद**

बैठक में जिला उपाध्याय जागेश्वर साहू, जिला मंत्री नवीन देवनगन, जिला कोषाध्यक्ष सुरेंद्र तिवारी, जिला संयोजक मुन्ना बजरंगी, नगर सह मंत्री भवानी सिंह चौहान, नगर संयोजक जगदीश ठाकुर, नगर सह संयोजक अजय प्रताप सिंह, नगर सतसंग प्रमुख सुंदर कश्यप, नगर सह गौ रक्षा प्रमुख पवन राजा, यशवंत, लक्ष्मीकांत सहित बजरंगी उपस्थित रहे।

बैठक में जिला अध्यक्ष शंकर लाल गुप्ता के अनुमोदना से नगर अध्यक्ष प्रतीक गुरु की अध्यक्षता में नगर मंत्री विक्रम सिंह ठाकुर ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए संगठन के समक्ष प्रस्तुत किया। इस दौरान माता की डोली का स्वागत करने का निर्णय लिया गया और नगर में दुर्गा समितियों की बैठक लेकर सनातन संस्कृति एवं विधि अनुसार पूजन करने का निर्णय लिया गया। बैठक में लिए गए निर्णयों में गरबा आयोजन में सनातन वेश-भूषा और फूहड़ता न करने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन और प्रशासन को ज्ञापन देने का भी निर्णय लिया गया। इसके अलावा, नवरात्रि में पदयात्रा करने वाले श्रद्धालुओं के लिए सेवा कार्य करने और विजय दशमी में शस्त्र पूजन करने का भी निर्णय लिया गया।

**खबर संक्षेप**

### सांसद और विधायक से मिला आश्वासन



**जगदलपुर।** ऑनलाईन हड़ताल के संबंध में राजस्व कर्मचारी संघ ने सांसद महेश कश्यप एवं प्रदेशाध्यक्ष किरणदेव को ज्ञापन सौंपा। राजस्व मंत्री से मोबाइल पर चर्चा की गई । 18 सितंबर को मंत्री से मुलाकात कर इस संबंध में निराकरण का आश्वासन दिया गया।

### वेटनरी पॉलिटेक्निक के सदस्यों का शैक्षणिक भ्रमण

**जगदलपुर।** वेटनरी पॉलिटेक्निक के संकाय सदस्यों एवं मैत्री प्राइवेट कृत्रिम गभार्धान कार्यकर्ता प्रशिक्षणार्थिओं को बोरपदर गांव का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया । इस अवसर पर संस्था के प्रभारी प्राचार्य डॉ. नितेश कुम्भकार, डॉ. राजेश सुधाकर वाकचौरे , सहायक प्राध्यापक वेटनरी पॉलिटेक्निक, टीचिंग असिस्टेंट डॉ. प्रतिभा ताटी, डॉ. नवीन कुमार साहू, एवं अमन कश्यप किरण उपस्थित थे।

### नवाखानी में सरपंच को जुहार भेंट में ग्रामीण दे रहे नया कपड़ा



**जगदलपुर।** ग्राम पंचायत संधकरमरी की सरपंच जयमनी कश्यप व सोनसाय कश्यप के यहां नवा खानी का जुहार भेंट कार्यक्रम हुआ । संधकरमरी पंचायत में लगभग 3000 मतदाता है और 8 पारा है। प्रत्येक पारा के पुरूष महिला अलग अलग दिन नवाखानी में सरपंच के घर आते है। सरपंच जयमनी कश्यप व सोनसाय कश्यप के लिये नया कपड़ा जुहारभेंट मे गांव वाले दे रहे है । गांव में शौचालय का नियमित उपयोग करने तथा गांव को साफ रखने के विषय मे चर्चा हुई।

### आज से आरंभ होगा भाजपा का सेवा पखवाड़ा



**जगदलपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75 वें जन्मदिन 17 सितम्बर से भारतीय जनता पार्टी का सेवा कार्य आरंभ होगा। राष्ट्रीय व प्रदेश स्तर पर आयोजित भाजपा का सेवा पखवाड़ा 2 अक्टूबर गांधी जयंती तक मनाया जायेगा। सेवा पखवाड़ा में स्वच्छता, रक्तदान, पौधरोपण सहित विविध सेवा कार्य जनता को जोडते हुये संपन्न होंगे। भाजपा ने अपने प्रत्येक कार्यकर्ता को सेवा पखवाड़ा में सक्रिय रूप से सहभागी बनने कहा है।
सेवा पखवाड़ा को लेकर तैयारियां पूरी होने की बात कही गई है। जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय ने कहा कि रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान, एक पेड़ मां के नाम अभियान में पौधरोपण, स्वास्थ्य शिविर, संगोष्ठी, प्रदर्शनी, मैराथन दौड़ कार्यक्रम होंगे। कार्यकर्ता जनता के मध्य पहुंच कर सभी के सहयोग से सेवा कार्यो को साकार रूप देंगे।

## कलेक्टर एवं प्रभारी खेल अधिकारी ने उज्जवल भविष्य की कामना की

# बीजापुर को पहली बार मिला एथलेटिक्स में 8 गोल्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



22वीं राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता जो कि 5 से 7 सितम्बर तक बहतराई एथलेटिक्स स्टेडियम बिलासपुर में छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स संघ के द्वारा आयोजित किया गया। जिसमें बीजापुर खेल अकादमी एथलेटिक्स खेल के 20 खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिसमें 13 बालिका और 7 बालक शामिल थे। वहीं श्रेष्ठ प्रदर्शन कर 8 गोल्ड मेडल, 2 सिल्वर, 1 ब्रॉज, सहित कुल 11 मेडल अपने नाम किया। जिसमें लक्ष्मण हपका ने ट्रॉयथलॉन। 60मी. रन, ऊंची कूद, लम्बी कूद में गोल्ड मेडल एवं किड्स जैवलिन में गोल्ड मेडल। नताशा तेलामी ट्रायथलान 60 मी. रन लम्बी कूद, शॉटपुट बैक थ्रो में गोल्ड मेडल। सविता कुहरामी ट्रायथलॉन 60मी रन लम्बी कूद, 600 मी रन में गोल्ड मेडल। निर्मती तेलम ऊंची कूद में गोल्ड मेडल। संतोषी भण्डारी 60मी रन एवं 600मी रन में गोल्ड मेडल। अंजली कारम पेंन्टाथलॉन 60मी रन, लंबी कूद 60मी हर्डल, शॉटपुट, 600 मी. रन में गोल्ड मेडल एवं लंबी कूद में सिल्वर मेडल। भूमिका कुरसम जैवालिन थ्रो में सिल्वर मेडल। पूजा वाचम 1000 मी. रन में ब्रॉज मेडल हासिल किया। इन सभी खिलाड़ियों में से 5 खिलाड़ियों ने एथलेटिक्स फैडरेशन ऑफ इंडिया के एन्ट्री स्टैंडर्ड को क्वालीफाई किया है और 10 अक्टूबर से 14 अक्टूबर को कालिंगा स्टेडियम, भुवनेश्वर उड़ीसा में होने वाले 40वीं नेशनल जुनियर एथलेटिक्स चैम्पियनशीप में छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। ये सभी बीजापुर स्पोर्ट्स अकादमी के एथलेटिक्स खिलाड़ी शासकीय नवीन कन्या हाई स्कूल एवं एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के छात्र-छात्राएं है।

इस उपलब्धि पर कलेक्टर संबित मिश्रा एवं प्रभारी खेल अधिकारी नारायण प्रसाद गवेल ने सभी खिलाड़ियों को बधाईयां देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की साथ ही सहायक आयुक्त देवेन्द्र सिंह, प्राचार्य एकलव्य अनिल मिश्रा, पीईटी कुमारी अमिता गुर्जर तथा एथलेटिक्स टीम के कोच संदीप कुमार गुप्ता उपस्थित थे।

### जनता के खाद्यान्नों पर डाका, खाद्य विभाग जिम्मेदार : नवनीत

**जगदलपुर।** जनता कांग्रेस के संभागीय अध्यक्ष एवं बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा के प्रमुख संयोजक नवनीत चांद ने बस्तर में पीडीएस के 87 दुकानों में भौतिक सत्यापन के बाद कालाबाजारी को आम जनता के



खाद्यान्नों पर डाका कहा है। उन्होंने जारी बयान में कहा कि जनता के अधिकार पर सुनियोजित रुप से दलालों का गिरोह मिलीभगत कर आम लोगों को लूट रहे हैं। 7 विकासखंडों में 3 करोड़ 55 लाख रुपए का चावल ,शक्कर ,चना ,गुड़ गायब है।
480 से अधिक दुकान में सत्यापन के बाद कम खाद्यान्न पाया गया है। उसके बाद करोड़ों रूपए का खाद्यान्न गायब होने की बात सामने आई है। अब प्रशासन के अफसर आपसी खींचतान में लगे है यह शर्मनाक है। उन्होंने कहा कि राशन दुकानों में गुणवत्ता विहीन चावल पीडीएस के गोदाम में मिल रहा है। गुणवत्ता देखने वाले क्वालिटी इंस्पेक्टर गायब है। नागरिक आपूर्ति निगम, वेयरहाउस ,खाद्य विभाग और ठेकेदारों के बीच सांठगांठ का उन्होंने आरोप लगाया । इस सबके पीछे कौन है इसका जल्दी खुलासा हो। कमिश्नर और कलेक्टर एवं एमडी नागरिक आपूर्ति निगम व एमडी वेयर हॉउस को लिखित में शिकायत करने की बात उन्होंने कहीं बावजूद आज पर्यंत तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। शीघ्र कार्रवाई नहीं होने पर सड़क की लड़ाई लड़ने की नवनीत ने चेतावनी दी है।

## कोई भी पात्र परिवार प्रधानमंत्री आवास से वंचित न रहे : पाण्डेय



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नगर पालिक निगम अंतर्गत अंगीकार 2025 के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु महापौर संजय पांडे एवं नगर निगम आयुक्त प्रवीण कुमार वर्मा की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री आवास योजना टीम की बैठक हुई। बैठक में शासन से प्राप्त दिशा-निर्देशों के अनुरूप यह सुनिश्चित करने पर बल

- बैठक में आवास योजना का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने पर चर्चा

दिया गया कि योजना का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। आवेदनों का त्वरित निराकरण किया जाए एवं पूर्व में स्वीकृत आवासों को पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से भी जोड़ा जाए ताकि लाभार्थियों को दोहरे लाभ प्राप्त हो सकें। साथ ही आगामी 17 सितंबर को आयोजित होने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा पर चर्चा की गई। बैठक में आवास योजना के नोडल अधिकारी गोपाल भारद्वाज, सहायक नोडल अधिकारी अमर सिंह, सुरभि, संजय, भूपेश एवं मेश्राम उपस्थित रहे।

महापौर ने कहा प्रधानमंत्री आवास योजना का उद्देश्य सिर्फ घर उपलब्ध कराना नहीं है बल्कि प्रत्येक परिवार को गरिमामयी जीवन जीने का अवसर देना है। नगर निगम यह सुनिश्चित करेगा कि कोई भी पात्र परिवार वंचित न रहे। हमारी प्राथमिकता है कि लाभार्थियों को समयबद्ध तरीके से आवास मिले और पूर्व में स्वीकृत आवासों को नवीनीकरण व बिजली जैसी सुविधाओं से भी जोड़ा जाए। आवास दिवस के अवसर पर भी हम अधिक से अधिक लोगों तक योजना का संदेश पहुंचाएंगे।

आयुक्त ने कहा अंगीकार 2025 के अंतर्गत नगर निगम की टीम पूरी गंभीरता से कार्य कर रही है। सभी आवेदनों का शीघ्र निराकरण प्राथमिकता में है। साथ ही हम यह सुनिश्चित करेंगे कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ भी पात्र परिवारों को मिले। इस पहल से न केवल आवास मिलेगा बल्कि ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता भी सुनिश्चित होगी।

## यीशु बुलाता है के नए प्रार्थना भवन का समर्पण कार्यक्रम संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



यीशु बुलाता है प्रार्थना भवन का स्थानांतरण शांति नगर के नये भवन के ऊपर तल में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर बिशप प्रतिनिधि मनोज बाग, पास्टर डेनियल जेकब, पास्टर ऐस्तर राव, लवली भवानी ,पास्टर जोस डेनियल, पास्टर सुदेश जेकब, पास्टर डेविड रॉबर्ट, प्रवीण लाल, शैलेंद्र शाह, समवेल नाथ ,रोजवीन दास ,हीजिकीएल नाथ, पास्टर मुकेश रंजन , नवनीत चांद यीशु बुलाता है मिनिस्ट्री टीम मेंबर उपस्थित थे।

- प्रतिदिन सुबह 10 बजे से होगी प्रार्थना

रविवार को शाम 5 बजे नए भवन का समर्पण कार्यक्रम हुआ।

इस दौरान टीम के नेहेमिया अब्राहम, विक्कूम निम्मी, स्वीटी अग्रवाल, अलका नादन मौजूद रहे । वहीं विभिन्न संप्रदायों के पास्टर, सेवकगण एवं यीशु बुलाता है सेवकाई के सहभागी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे । प्रार्थना भवन का समय प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से शाम 7 तक होना बताया गया।

## संगोष्ठी में छत्तीसगढ़ की विशेषताओं को बताया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शासकीय स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम महाविद्यालय में छत्तीसगढ़

- आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम महाविद्यालय में छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव मनाया गया

रजत महोत्सव मनाया जा रहा है। इसी श्रृंखला में 15 सितंबर को महाविद्यालय में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें प्रमुख वक्ता के रूप में डॉ योगेंद्र मोतीवाला एवं शासकीय दंतेश्वरी महिला महाविद्यालय की अर्थशास्त्र विषय की प्राध्यापिका बबीता दीवान उपस्थित रहे। बबीता दीवान ने छत्तीसगढ़ की संस्कृति पर विस्तार पूर्वक रोशनी डाली। उन्होंने छत्तीसगढ़ के व्रत एवं त्योहार छत्तीसगढ़ की कला एवं संस्कृति छत्तीसगढ़ के शिल्प विभिन्न व्यंजन एवं पकवान लोगों की जीवन शैली और खेल इत्यादि विभिन्न विधाओं पर बात कहीं। संगोष्ठी में डॉ रवि द्विवेदी, डॉ अतुल त्रिवेदी, सचिन सिंह राजपूत, पवन ठाकुर,मनीषा टाइगर और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। अध्यक्षता प्राचार्य डॉ राजीव गुहे ने की।

## मोबाइल टावरों से हुई 62 लाख की वसूली



वैध और अवैध टावरों की पहचान की जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नगर पालिका निगम शहर में लगे मोबाइल टावरों से नवीनीकरण शुल्क की वसूली की प्रक्रिया के तहत 62 लाख 15 हजार की वसूली की है। यह कार्रवाई महापौर संजय पांडे के मार्गदर्शन, राजस्व सभापति संग्राम सिंह राणा के नेतृत्व तथा आयुक्त प्रवीण वर्मा एवं उप अभियंता दीपांशु देवांगन के दिशा निर्देश पर की जा रही है।

बताया गया कि बीएसएनएल टॉवर से 31 लाख 50 हजार, इंडस टॉवर से 25 लाख 25 हजार , जिओ टॉवर से 5 लाख 40 हजार प्राप्त हुए हैं। महापौर ने कहा कि सभी मोबाइल टावर कंपनियां जल्द नवीनीकरण शुल्क जमा करें। मोबाइल टावरों की जांच कर वैध और अवैध टावरों की पहचान की जाएगी। राजस्व सभापति ने बताया कि अभी इंडस टावर, एटीसी इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड, सबमिट डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड, वायरलेस टी टी इन्फो लिमिटेड, बी टी ए सेलकॉम, भारती इंफ्राटेल कंपनी लिमिटेड सहित अन्य कंपनियों से नवीनीकरण शुल्क एवं शेयरिंग चार्ज की वसूली बाकी है।



### अध्यक्ष का रेलवे स्टेशन में आत्मीय स्वागत, आज महासम्मेलन

**जगदलपुर।** भारतीय जीवन बीमा निगम के 17 सितंबर को होने वाले अभिकर्ता महासम्मेलन में शामिल होने अध्यक्ष एन गजपति राव मंगलवार को विशाखापट्नम से जगदलपुर पहुंचे। रेलवे स्टेशन में नगर के अभिकर्ताओं ने आत्मीय स्वागत किया। कल 17 सितंबर को धरमपुरा के एक्सट्रा क्लास में अभिकर्ता महासम्मेलन होगा जहां पहली बार राष्ट्रीय स्तर के पदाधिकारी पहुंचकर बस्तर के अभिकर्ताओं को सम्बोधित करेंगे। क्षेत्रीय अध्यक्ष मध्य क्षेत्र भोपाल से मो. सईद खान भी कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे। अभिकर्ता संघ के अध्यक्ष सुकुमार धर ने बताया कि अभिकर्ता महासम्मेलन की पूरी तैयारी हो चुकी है। अलग अलग समितिओं की जिम्मेदारी अभिकर्ताओं को सौंपी गई है जो अपने काम में जुट गए है। बस्तर में पहली बार राष्ट्रीय पदाधिकारियों का आगमन हो रहा है और लियाफी का सम्मेलन भी पहली बार होगा इसलिए अभिकर्ताओं में काफी उत्साह है। कार्यक्रम को सफल बनाने में सारे लोग जुट गए है। उन्होंने एलआईसी के सभी अभिकर्ताओं से समय पर पहुंचने की गुजारिश की है।

### पार्किंग निर्माण को लेकर सौंपा ज्ञापन



**जगदलपुर।** संभाग मुख्यालय होने के कारण आसपास के जिलों एवं सीमावर्ती राज्य उड़ीसा के व्यापारियों एवं आम नागरिको के व्यापार का मुख्य केन्द्र जगदलपुर है। शहर के मुख्य व्यापारिक स्थानों पर यातायात का दबाव अत्यधिक रहता है। जिसको दृष्टिगत रखते हुऐ शहर की जनता एवं व्यापारियों के मांग के अनुरूप पूर्व कलेक्टर बस्तर रजत बंसल ने प्रतापगंज वार्ड के सरकारी भू खण्ड को मल्टीलेवल पार्किंग निर्माण के लिए चिन्हांकित किया था। कलेक्टर हरिश एस को सौंपे ज्ञापन में भू खण्ड क्रं 78 में मल्टीलेवल पार्किंग निर्माण को उचित बताया गया है। आज बस्तर जिला कांग्रेस व्यापार प्रकोष्ठ के शहर अध्यक्ष राजेंद्र पटवा ने व्यापारियों के साथ प्रतापदेव वार्ड स्थित जमीन पर मल्टीलेवल पार्किंग बनाए जाने की मांग कलेक्टर से करते ज्ञापन सौंपा। इस दौरान गौरनाथ नाग, सूयार्पानी, जयशंकर श्रीवास, संजय शर्मा, करण बजाज,रजत जोशी, विक्रम सरकार, खीरेंद्र यादव, आनंद पत्ती आदि मौजूद रहे।




# पुलिस प्रणाली में नवाचार के लिए जवानों को दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



बस्तर पुलिस द्वारा एक ओर जहां लगातार अपराधिक तत्वों के विरुद्ध कार्यवाही की जा रही है वहीं दूसरी ओर पुलिस की बेहतर कार्यशैली व क्षमता के लिए निरन्तर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसी के तहत पुलिस प्रणाली में नवाचार को आत्मसात करने सीसीटीएनएस पुलिस बल को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया।

- पुलिस की बेहतर कार्यशैली व क्षमता के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम : एसपी

एसपी शलभ कुमार सिन्हा ने बताया कि पुलिस की बेहतर कार्यशैली व क्षमता के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया था इसका उद्देश्य जवानों को कार्य के दौरान आने वाली समस्याओं से निजात दिलाना है।

एसपी शलभ कुमार सिन्हा व एएसपी माहेश्वर नाग के निर्देश में पुलिस प्रणाली में नवाचार को आत्मसात करने के सीसीटीएनएस पुलिस बल का एक दिवसीय प्रशिक्षण एवं समीक्षा बैठक का आयोजित किया गया था। कार्यशाला के दौरान एसपी ने पुलिस के समस्त सीसीटीएनएस बल से कार्य के दौरान होने वाली समस्या की जानकारी ली गई एवं पुलिस मुख्यालय नवा रायपुर द्वारा सीसीटीएनएस संबंधी निर्देशों के पालन करने निर्देश दिया गया।

कार्यशाला में जवानों को सीसीटीएनएस के अंतर्गत संचालित ई समन, वीसीएनबी, मालखाना एवं अन्य आवश्यक सेवाओं के संबंध में जानकारी दी गई। इसके साथ ही सीसीटीएनएस बल द्वारा संचालित किए जाने वाले समस्त पोर्टल का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया। कार्यक्रम के दौरान सीएसपी धोत्रे सुमित कुमार, डीएसपी साइबर गीतिका साहू एवं जिला मुख्यालय के सीसीटीएनएस शाखा प्रभारी व जवान मौजूद थे।

